CMYK




RNI NO. : MAHHIN/1998/02261

# महाराष्ट्र क्राईम्स

वर्ष - 23 | अंक - 06 | मुंबई, 05 अप्रैल 2024 | पृष्ठ : 8 | कीमत : 5 रुपये | प्रधान संपादक : सिराज चौधरी

## राशनिंग और एलपीजी के भ्रष्ट अधिकारी ही कराते हैं सिलेंडरों में हेरा-फेरी

## एचपीसीएल, बीपीसीएल के एलपीजी विभाग में फैले भ्रष्टाचार का बोल बाला?

**मुंबई।** मुंबई सहित लगभग पुरे देश में एलपीजी रसोई गैस एवं व्यावसायिक सिलेंडरों में हेराफेरी का खुलासा एक शिकायतकर्ता के पत्र से हुआ है। इस मामले को लेकर शिकायतकर्ता ने मुंबई पुलिस आयुक्त से न्याय की गुहार लगाई है और अदालत का दरवाजा भी खट-खटाया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस और अदालत के सामने चुनौती भरा प्रश्न खड़ा कर दिया है, शिकायतकर्ता का कहना है कि वैध रूप से एलपीजी के व्यावसायिक सिलेंडर बेचने के आरोप में आरसीएफ पुलिस ने मुझ पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने के फिराक में है, लेकिन अदालत ने मुझे सही पाया और मुझे अग्रिम जमानत दे दी। शिकायतकर्ता ने पुलिस से सवाल किया है कि किसी अपराध में एक आरोपी को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया जाता है। जबकि उसी अपराध में दर्जनों आरोपियों पर पुलिस क्यों मेहरबान है। शिकायतकर्ता का कहना है कि धनवानों के इशारे पर आरसीएफ पुलिस ने मुझ पर एफआईआर दर्ज किया था, तो इसी कारोबार से जुड़े आजाद खान, सादन खान और शहीद खान पर क्यों मेहरबान है। कहीं ऐसा तो नहीं की छोटी मछली की आड में बड़ी मछली से वसूली चल रही है।

**ओएमसी के नियमों की धज्जिया उड़ाते टीएम और डीलर**


गौरतलब है कि आयल मार्केटिंग कंपनीस (ओएमसी) के नियमों को ताक पर रखकर देश की बहुराष्ट्रीय तेल कंपनियों के जनरल मैनेजर (एलपीजी), ट्रांसपोर्ट मैनेजर (टी.एम.) और मार्केटिंग मैनेजर (एम. एम.) के आलावा राशनिंग विभाग के अधिकारियों ने धन उगाही का नया तरीका इजाद किया है। इसके तहत सही को गलत और गलत को सही करने में लगे हैं। चूंकि इन अधिकारियों की मिली भगत के बीना कोई भी एजेंसी या विक्रेता एलपीजी रसोई गैस एवं व्यावसायिक सिलेंडरों में हेराफेरी या झोल नहीं कर सकता। यहां सवाल यह उठता है कि क्या इस झोले में उत्पादक कंपनियों के अधिकारियों के साथ - साथ राशनिंग विभाग (जनवितरण प्रणाली) भी शामिल है। इस तरह के झोल में सभी विभागों के अधिकारियों की कहीं न कहीं मिली भगत है। इससे राज्य एवं केंद्र सरकार को सालाना करोड़ों का जीएसटी और टैक्स में चोरी हो रही है। शिकायतकर्ता ने अपने पत्रों में इसका खुलासा किया है कि कैसे जीएसटी और टैक्स में चोरी होती है। शिकायतकर्ता ने एक और आरोप लगाया है कि उपरोक्त विभागों के अधिकारी छोटे -विक्रेताओं पर सख्ती दिखते हैं और मोटी मछली को खुली छूट क्यों?



आजाद खान
(कांदिवली)



साहिद खान
(गोवंडी)



NEWS 24 MUMBAI

URC : UDYAM-MH-18-0322932

NEWS 24 MUMBAI
DIGITAL NEWS CHANNEL
Email : editornews24mumbai@gmail.com
Website : www.news24mumbai.com

Ref. No.: N24M/

Date : 22/03/2024

प्रति,
मा.मुख्य सचिव
महाराष्ट्र शासन
मंत्रालय,मुंबई.४०००३२.

विषय: तक्रार विरूध्द अनधिकृत मुख्य रस्ता/रस्त्याला लागुन एल.पी.जी.गॅस सिलेंडर लोडिंग आणि अनलोडिंग परवानगी न घेता एल.पी.जी.गॅस सिलेंडर चा व्यवसाय करित असल्याबाबत.

अनलोडिंग व लोडींग एल.पी.जी.गॅस सिलेंडर विना परवाना ठिकाण: १) समिर कम्पांउड, कनक्या स्कुल शेजारी ऐ.सी. सी.नगर, छोडा नगर,मुंबई.४०००४३.

२) ओपन ग्राउंड पार्किंग, चाळ नं.६,म.न.पा.शौचालय शेजारी,एकता नगर,कांदविली पश्चिम,मुंबई.४०००६७.

३) माहुल रोड, माझगांव डॉक, पटेल नगर समोर, रस्त्याला लागुन चेंबूर,मुंबई.४०००७४.

NEWS 24 MUMBAI Digital News Channel NEWS & MEDIA

1

E/13, Shahaji Nagar, Vasinaka, Ramkrishna Chemburkar Marg, Chembur, Mumbai, Maharashtra - 400 074. | : +91 88988 00908 / 84249 84814

देश की आर्थिक राजधानी महानगर मुंबई में बीपीसीएल के अधिकारियों की मिली भगत से चल रहे
1, अपना भारत गैस एजेंसी
2, मन्नत भारत गैस एजेंसी
3, ए ए भारत गैस एजेंसी
4, अरफा भारत Samj एजेंसी
5, ए के भारत गैस एजेंसी का असली मालिक अशोक डोंगरे ( क्षेत्रीये महाप्रबंध) या ...?
नोट के बदले चल रही इन एजेंसियों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती!
इन बातों का खुलासा जल्द ही होने वाला है। इस मामले में कई एजेंसियों पर लगेगा ताला और कई अधिकारी होंगे निलंबित?
इंतजार करें।
10:36 pm










**शिकायतकर्ता ने पुलिस आयुक्त से लगाई न्याय की गुहार**

उल्लेखनीय है कि शिकायतकर्ता ने अदालत , मुंबई पुलिस आयुक्त और स्थानीय पुलिस से यह जानने की कोशिश की है कि एक तरह के आरोपों में दो अलग - अलग लोगों पर अलग -अलग धाराओं के तहत क्यों कार्रवाई होती है? उसने एलपीजी के 5 किलो ग्राम के रसोई गैस और 19 किलो ग्राम के व्यावसायिक सिलेंडरों में होने वाली हेराफेरी पर भी सवाल उठाया है। उसका कहना है कि एक ही परिवार के अलग-अलग सदस्य कई नामों से एचपी गैस, बीपी गैस और गो गैस के 5 किलो ग्राम के रसोई गैस और 19 किलो ग्राम के एलपीजी व्यावसायिक सिलेंडरों की हेरा फेरी का व्यावसाय करते हैं। इनमें आजाद खान, सादान खान और शहीद खान हैं , इनपर एलपीजी से जुड़े दर्जनों मामले अलग अलग पुलिस स्टेशनों में दर्ज हैं। इसके बाद भी कंपनियों के जनरल मैनेजर (एलपीजी), ट्रांसपोर्ट मैनेजर और मार्केटिंग मैनेजर के आलावा राशनिंग विभाग के अधिकारी उन पर क्यों मेहरबान हैं ? बताया जाता है कि अधिकारियों कि मिली भगत से आजाद खान मुंबई सहित उपनगरों में करीब 17 विभिन्न स्थानों पर अपना व्यवसाय धड़ल्ले से चला रहा है कैसे ?

**इस शिकायत में हफ्ता वसूली का आरोप भी लगाया गया है।**

इस बात की जानकारी उपरोक्त सभी अधिकारियों को है बावजूद इसके कार्रवाई करने के बजाए आजाद खान को सह दिया जाता है। जबकि सिलेंडरों में हेराफेरी आदि मामलों में मुंबई व उपनगरीय पुलिस स्टेशनों में उसके खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। इस कड़ी में दिलचस्प बात यह भी है कि



अशोक डोंगर
(क्षेत्र प्रबंधक - भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन)

अधिकारियों की मिली भगत के कारण उसके पास 500 से अधिक खाली सिलेंडर भी हैं कहां से?

**क्यों फटते हैं एलपीजी सिलेंडर, कैसे होता है सिलेंडरों में रिसाव**

गौरतलब है कि ओएमसी के नियमानुसार खाली सिलेंडरों की परख और सफाई की अवधि पर होने के बाद भी उसे उपयोग में लाया जाता है। ऐसे में अगर एक भी सिलेंडर में रिसाव हुआ या फटा तो जान माल का बड़ा नुकसान होने की संभावनाएं है। हाल के दिनों में मुंबई सहित उपनगरों में दर्जन भर एलपीजी सिलेंडरों के फटने और रिसाव की घटनाओं में तीन से चार लोगों की मौत व कई लोगों के घायल होने की। इस बात पुष्टि मुंबई फायर ब्रिगेड से किया जा सकता है।

CMYK



# संपादकीय

## तनाव के बावजूद

भारत ने द्वीप राष्ट्र को जरूरी चीजों का निर्यात करने का फैसला बरकरार रखा है। इस पर मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने भारत का आभार जताया, जिस पर जयशंकर ने देश की नीतियों की प्रतिबद्धता दोहराई। केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर नेबरहुड फर्स्ट और सागर की अपनी नीतियों के प्रति नई दिल्ली की प्रतिबद्धता दोहराई है। दरअसल, भारत और मालदीव के बीच रिश्तों में जमी बर्फ अभी पिघली नहीं हैं। इसके बावजूद भारत ने द्वीप राष्ट्र को जरूरी चीजों का निर्यात करने का फैसला बरकरार रखा है। इस पर मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने भारत का आभार जताया, जिस पर जयशंकर ने नई दिल्ली की नीतियों की प्रतिबद्धता दोहराई। मूसा जमीर ने ट्वीट किया, 'मैं मालदीव को वर्ष 2024 और 2025 के दौरान भारत से आवश्यक वस्तुओं का आयात करने में सक्षम करने के लिए कोटा के नवीनीकरण के लिए विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर और भारत सरकार को धन्यवाद देता हूं। भारत का यह कदम दीर्घकालिक मित्रता को दशार्ता है। यह मजबूत द्विपक्षीय रिश्ते की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।' मालदीव के विदेश मंत्री के धन्यवाद का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा, 'यू आर वेलकम जमीर। भारत अपनी नेबरहुड फर्स्ट और सागर नीतियों के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।' भारत की नेबरहुड फर्स्ट नीति का अर्थ है अपने नीतिगत निर्णयों में पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देना, अर्थात 'पड़ोस पहले'। भारत के पड़ोस देश अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका हैं। नीति का उद्देश्य पूरे क्षेत्र में भौतिक, डिजिटल और लोगों से लोगों से संपर्क बढ़ाना और व्यापार और वाणिज्य को बढ़ाना है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने शुक्रवार को इस बाबत एक अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी थी। इस अधिसूचना में डीजीएफटी ने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत इन वस्तुओं का निर्यात किया जाएगा। इसके मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में मालदीव के लिए चीनी, गेहूं, चावल और प्याज जैसी आवश्यक वस्तुओं के सीमित निर्यात पर किसी भी मौजूदा या भविष्य के प्रतिबंध/निषेध से छूट दी जाएगी। वहीं, भारतीय उच्चायुक्त ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किए गए पोस्ट में कहा कि 1981 में हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत निर्यात की जाने वाली वस्तुओं की स्वीकृत मात्रा इस बार सबसे अधिक है। जिन वस्तुओं को भारत मालदीव को निर्यात करेगा उनमें चावल 124,218 टन, गेहूं का आटा 109,162 टन, चीनी 64,494 टन, आलू 21,513 टन, प्याज 35,749 टन, पत्थर और रेत 10 लाख टन और 42.75 करोड़ अंडे शामिल हैं।

# होटल के कमरे में रातभर रहते थे 6 लड़के और 1 लड़की, पुलिस ने मारा छापा, नजारा देख रह गई सन्न

ग्वालियर; मध्य प्रदेश के ग्वालियर शहर में एक हफ्ते पहले देश के कई हिस्सों छह लड़के इकट्ठे हुए. कोई गोरखपुर से था तो कोई मिजोरम से. अपने साथ एक लड़की को लेकर माधवनगर स्थित एक होटल की दूसरी मंजिल पर बने कमरा नंबर 204 में रहने लगे. सभी लड़के और लड़की पूरी रात होटल में रहते थे. मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने होटल में छापा मारा. जैसे ही कमरे का गेट खुलवाया, सामने का नजारा देखकर पुलिस सन्न रह गई. आइये जानते हैं पूरा मामला...

ग्वालियर पुलिस में कॉल सेंटर के जरिये विदेशी नागरिकों को ठगने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है. माधवनगर स्थित एक होटल के कमरे में कॉल सेंटर संचालित हो रहा था. पुलिस छापामारी में एक महिला सहित 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी ग्वालियर में बैठकर ब्रिटेन अमेरिका सहित अन्य देशों में रहने वाले नागरिकों को ठगने का काम कर रहे थे. पकड़े गए आरोपी विदेशी नगारिकों को कॉल लगाकर माइक्रोसॉफ्ट कंपनी का फर्जी एजेंट बनकर ठगते थे. ग्वालियर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि झांसीरोड के माधवनगर में स्थित होटल के द्वितीय मंजिल पर एक कमरे में कुछ लोग कॉल सेंटर चला रहे हैं. ये लोग अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर की आड़ में अमेरिका, ब्रिटेन सहित अन्य देशों में रहने वाले नागरिकों को कॉल करके माइक्रोसॉफ्ट कंपनी का फर्जी एजेंट



बनकर कंप्यूटर में वायरस होने का झांसा देकर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये ऐंठ रहे थे. पुलिस टीम होटल पहुंची. होटल का गेट खुलवाया. दूसरी मंजिल पर कमरा नंबर 204 में कुछ लड़के और लड़की लैपटॉप पर काम करते हुए हेडफोन लगाकर अंग्रेजी में रात में बात करते मिले. कमरे में छह लड़के और एक लड़की लेपटॉप के सामने बैठकर कान में हैडफोन लगाकर अंग्रेजी में बात कर रहे थे. सिपाहियों ने कुर्सी पर बैठे ही पकड़ लिया. पकड़े गए आरोपियों में अभय राजावत, नीतेश कुमार, दीपक थापा, परवेज आलम, श्वेता भारती, राज कैलाशकर और सुरेश वासेल शामिल है.

ग्वालियर आईजी अरविंद सक्सेना ने बताया, 'लैपटाप के मॉनीटर स्क्रीन पर दर्शाए एप्लिकेशन की स्क्रीन पर कॉल ऑप्शन पर डॉयल, मिस्ड एवं रिसीव्ड कॉल नम्बर भारत के न होकर यूएस के, विदेशी इंटरनेशनल नंबर है. कॉल सेंटर मे काम करते पाए गए लड़के और लड़की जिनसे मौके पर प्रारंभिक पूछताछ की गई. खुलासा हुआ कि ये लोग करीब सात दिन पहले ग्वालियर आये थे और तभी से काम कर रहे हैं. ग्वालियर में काम करने के लिए जगह एवं फर्नीचर का सेटअप मुरैना के संजय भदौरिया ने उपलब्ध कराया था. कर्ण ने लैपटॉप, मोबाइल फोन एवं वाईफाई (राउटर) सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपलब्ध कराए थे.

पकड़े गए ठग विदेशी लोगों से बात करते समय अपना मूल नाम न बताते हुये विदेश में प्रचलित नाम मिस्टर पॉल, (अभय राजावत), मार्टिन (नीतेश), जॉन (सुरेश), रियान (दीपक), साइबर एक्सपर्ट (राज), डेविल (सुरेश), नैंसी (श्वेता) आदि फर्जी नामों को उपयोग करते हुए बात करते थे. मोंटी और कर्ण के द्वारा सभी को प्रतिमाह 20,000 से 25,000 रुपये सैलरी नगद एवं रहने खाने का खर्चा दिया जाता था. जिसके द्वारा जितनी राशि की ठगी की जाती है उसका 5 प्रतिशत अतिरिक्त कमीशन भी दिया जाता था. पुलिस टीम ने होटल के कमरे से लैपटॉप-8, माउस, मोबाइल फोन-15, एक फायबर मॉडम-एडॉप्टर, कॉलिंग स्क्रिप्ट, डाटा सीट, हैडफोन, लेन केबल, पावर एक्सटेन्सन दो बोर्ड, सात कुर्सियां, पांच टेबल, दो रिस्ट वॉच जब्त किया गया.

# घर में सेक्स रैकेट चला रही महिला गिरफ्तार, दो युवतियों को पुलिस ने किया आजाद



**पिंपरी:** युवतियों को पैसों का लालच देकर अपने ही घर में वेश्यावृत्ति का धंधा शुरू करने वाली महिला के खिलाफ पिंपरी-चिंचवड़ क्राइम ब्रांच की अनैतिक तस्करी विरोधी सेल ने कार्रवाई की। उसकी गिरफ्त में मौजूद दो युवतियों को आजाद किया गया है। यह कार्रवाई मारुंजी में सोमवार शाम को की गई। पुलिस ने संबंधित महिला को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में हिंजवडी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, अनैतिक मानव तस्करी सेल को जानकारी मिली थी कि हिंजवडी पुलिस स्टेशन के तहत मारुंजी में एक महिला आर्थिक लाभ के लिए अपने फ्लैट में युवतियों को पैसे का लालच देकर वेश्यावृत्ति के धंधे में लगा रही है। इसी के तहत पुलिस ने सोमवार शाम 7:00 बजे महिला के फ्लैट पर छापा मारा और कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से दो लड़कियों को छुड़ाया। साथ ही महिला को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त विनय कुमार चौबे, अपर पुलिस आयुक्त वसंत परदेशी, पुलिस उपायुक्त (क्राइम) संदीप डोईफोडे, सहायक पुलिस आयुक्त (क्राइम) डॉ. विशाल हिरे, पुलिस निरीक्षक देवेंद्र चव्हाण, पुलिस आयुक्त सुनील शिरसाट के मार्गदर्शन में अनैतिक तस्करी विरोधी सेल के मारुति करचुडे, भगवंता मुठे, गणेश कारोटे, सुधा टोके, संगीता जाधव, सोनाली माने ने की है।

# स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई !

## मिलेगी जुमार्ने की ऑनलाइन रसीद







**मुंबई:** सार्वजनिक स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई में अब प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाएगा। नगर पालिका के 'ए' खंड में मंगलवार से स्वच्छता से जुड़ा एक प्रोजेक्ट शुरू किया गया है और अब स्वच्छता के नियमों का उल्लंघन करने वालों को ऑनलाइन जुमार्ने की रसीद मिलेगी. प्रशिक्षित क्लीन अप मार्शल कार्रवाई के दौरान वसूले गए जुमार्ने को हाथ से लिखने के बजाय मोबाइल ऐप के माध्यम से मुद्रित रसीद देंगे। साथ ही नागरिकों को ऑनलाइन जुमार्ना भरने का विकल्प भी दिया गया है. स्वच्छ मुंबई अभियान के तहत अधिक जन-उन्मुख और प्रौद्योगिकी-केंद्रित पहल की जानी चाहिए। साथ ही मनपा आयुक्त भूषण गगरानी और अतिरिक्त मनपा आयुक्त सुधाकर शिंदे ने सिस्टम को और अधिक पारदर्शी व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया है. तदनुसार, क्लीन अप मार्शलों के माध्यम से आईटी-आधारित दंड की शुरूआत की गई है। इस पायलट प्रोजेक्ट की प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए, इस प्रौद्योगिकी-आधारित पहल को पूरे मुंबई में लागू किया जाएगा। नगर निगम के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने स्वच्छता नियमों के उल्लंघन के बाद दंडात्मक वसूली के लिए डिजिटल और ऑनलाइन कार्रवाई करने के लिए एक मोबाइल ऐप तैयार किया है। पूरे मुंबई में लगभग 700 क्लीन अप मार्शल काम कर रहे हैं, जैसे प्रत्येक प्रशासनिक प्रभाग में 30। इन सभी को प्रशिक्षण देकर पायलट आधार पर डिजिटल संचालन शुरू किया जाएगा। साथ ही कार्यवाही के डिजिटलीकरण से नगर निगम को यह भी सटीक जानकारी मिल सकेगी कि किस दिन, किस स्थान पर, किस अनुभाग में, किस प्रकार का कितना जुमार्ना लगाया गया। नागरिकों को मिलने वाली रसीद पर नगर निगम का लोगो और रसीद नंबर होगा। इसमें नगर निगम विभाग का नाम, तारीख, समय और जहां कार्रवाई हुई उस स्थान का अक्षांश और देशांतर भी होगा। परिणामस्वरूप, दंड प्रक्रिया में कदाचार को रोका जा सकेगा। साथ ही नागरिकों और मार्शलों के बीच विवादों से भी बचा जा सकेगा. क्लीन अप मार्शल के मोबाइल फोन में नगर निगम द्वारा विकसित क्लीन अप मार्शल सिस्टम ऐप होगा। इसमें स्वच्छता नियमों को तोड़ने पर पहले से ही वसूली जाने वाली एक निश्चित राशि शामिल होगी। मौजूदा प्रथा के मुताबिक क्लीन अप मार्शल को न्यूनतम 100 रुपये और अधिकतम 1000 रुपये का जुमार्ना लगाने का अधिकार होगा. डॉ. ने नागरिकों से इस योजना में सहयोग करने की अपील की. सुधाकर शिंदे ने व्यक्त किये.



# फर्जी शेयर ट्रेडिंग घोटाला: इंडसइंड बैंक के अधिकारी गिरफ्तार... साइबर थाने की कार्रवाई !

**नवी मुंबई:** एक व्यक्ति से रुपये की ठगी किये जाने का मामला सामने आया है. मामला दर्ज होते ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. चौंकाने वाली बात यह है कि गिरफ्तार किए गए लोगों में एक दादी और दूसरा इंडसइंड बैंक का पूर्व अधिकारी है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम प्रवीण कुमार रमेश मिश्रा और अशोक श्यामलाल चौहान हैं. दोनों इंडसइंड बैंक के अधिकारी हैं. लेकिन कुछ महीने पहले प्रवीण कुमार ने नौकरी छोड़ दी. लेकिन साथ काम करने के दौरान उन्हें एक-दूसरे के बारे में पता चला। इन दोनों ने मिलकर सोशल मीडिया पर सट्टा बाजार में पैसा लगाने और कम समय में भारी रिटर्न पाने का विज्ञापन दिया था. एक डॉक्टर इसके आगे झुक गया और उसने उसमें




कुछ निवेश कर दिया। उन्हें अच्छा रिटर्न भी मिला. इसलिए वादी ने बड़ी रकम निवेश करना शुरू कर दिया।

2 जनवरी से 23 फरवरी के बीच उन्होंने 33 लाख 05 हजार 023 रुपये का निवेश किया, लेकिन उन्हें कोई रिटर्न नहीं मिला और आखिरकार जब उन्हें धोखाधड़ी का एहसास हुआ तो उन्होंने अपनी शिकायत के आधार पर साइबर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया। मामला दर्ज किया गया. इसके अलावा, तकनीकी जांच में यह पता चला कि मोबाइल नंबर की तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपी द्वारा धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल किया गया बैंक खाता पूर्व प्रवीणकुमार रमेश मिश्रा का है। जैसे ही उसके उल्लासनगर में होने का पता चला, उसे वहीं से हिरासत में ले लिया गया और उससे आगे की पूछताछ की गई. उस समय यह बात सामने आयी कि उक्त अपराध अशोक श्यामलाल चौहान की मदद से किया गया था. अशोक इंडसइंड बैंक में बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजमेंट के पद पर कार्यरत हैं। इसलिए मिश्रा द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। जब उससे पूछताछ की गई तो आरोपी प्रवीण कुमार मिश्रा उल्हासनगर के इंडसइंड बैंक के आरोपी अशोक चौहान के साथ काम कर रहा था।

आरोपी प्रवीण कुमार ग्राहक अशोक को चालू खाता खोलने के लिए ले जाता था और अशोक उक्त ग्राहक का चालू खाता खोलकर उसका डेबिट कार्ड, एमटीएम, चेक बुक और बैंक से जुड़ा मोबाइल नंबर और सिम कार्ड अपने पास रख लेता था। चालू खाता सक्रिय था। यह पता चला है कि वह अपने अगले साथी को खाता देकर साइबर धोखाधड़ी करने के लिए खाते का उपयोग कर रहा था।

# 'इंडिया जिंदाबाद', समुद्री लुटेरों से बचाए जाने के बाद पाकिस्तानी नागरिकों ने लगाए नारे



भारतीय नौसेना ने अरब सागर में समुद्री लुटेरों के चंगुल से 23 पाकिस्तानी नागरिकों को सुरक्षित रेस्क्यू किया था. रेस्क्यू किए जाने के बाद नौसेना ने उनका एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे 'इंडिया जिंदाबाद' के नारे लगाते नजर आए. उन्होंने नौसेना का धन्यवाद भी दिया.

भारतीय नौसेना ने 23 पाकिस्तानी नागरिकों को रेस्क्यू किया है. अरब सागर में समुद्री लुटेरों ने उनका अपहरण कर लिया था. वे ईरान से आ रहे थे. भारतीय नौसेना द्वारा रेस्क्यू किए जाने के बाद पाकिस्तानी नागरिकों ने कहा कि 'अब हम आजाद हैं.' उन्होंने नौसेना का धन्यवाद दिया और 'इंडिया जिंदाबाद' के नारे भी लगाए.

नौसेना ने पाकिस्तानी नागरिकों का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे अपनी नाव पर सुरक्षित नजर आ रहे हैं. वे एफवी एआई कंबार 786 नाम का नाव लेकर ईरान से निकले थे लेकिन अरब सागर में उन्हें समुद्री डाकुओं ने घेर लिया था. नौसेना ने 9 हथियारबंद लुटेरों को गिरफ्तार भी किया है, जिन्होंने जहाज को हाईजैक कर लिया था.

# आचार संहिता नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं

## नगर निगम प्रशासन और ठेकेदार की मिलीभगत...



**नवी मुंबई:** लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगने से पहले ही नवी मुंबई मनपा प्रशासन ने काम शुरू कर दिए हैं. उनके कार्यों को काफी हद तक ध्वस्त करने के लिए पूर्व जनप्रतिनिधियों का नगर निगम मुख्यालय में जुटना चर्चा का विषय रहा. आचार संहिता से पहले नगर पालिका में उमड़ी भीड़ हर किसी का ध्यान खींच रही थी। सरकारी नियमों के अनुसार नगर निगम, सिडको, सड़क विकास निगम समेत विभिन्न सरकारी संस्थानों द्वारा कार्य करते समय उस स्थान पर कार्य की बुनियादी जानकारी बोर्ड पर लगाना जरूरी है। हालांकि, सवाल खड़ा हो गया है कि क्या नगर निगम प्रशासन और ठेकेदार की मिलीभगत से कार्य स्थल के बोर्ड पर लागत के आंकड़े छिपाये जा रहे हैं. यह वित्तीय वर्ष चुनाव वर्ष के नाम से जाना जायेगा.

वहीं, एक तरफ जहां देश में दरार और दल-बदल की बयार लगातार बदल रही है, वहीं देखने में आ रहा है कि राजनीतिक पार्टियां चुनावों को सामने रखकर राजनीतिक और आर्थिक मोचेबंदी करने में जुट गई हैं. चूंकि नगर निगम में प्रशासनिक नियमावली चल रही है, इसलिए शहर और विभिन्न वार्डों के विकास कार्यों में कार्यों के प्रस्ताव बनाने और लेखा विभाग से वित्तीय प्रावधान की अनुमति लेने और फिर नगर निगम आयुक्त के प्रस्तावों को मंजूरी देने और कार्यादेशों को मंजूरी देने का काम चल रहा है. और भविष्य में कुछ कार्य किए जाने हैं, लेकिन अब देखा जा रहा है कि नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। विभिन्न सरकारी संस्थाओं द्वारा कार्य स्वीकृत किये जाने के बाद उस कार्य का टास्क ऑर्डर दिये जाने के बाद कार्य शुरू होने से पहले ही ठेकेदार ने कार्य को ध्वस्त कर दिया है, जबकि चुनाव की आहट में कार्य कराया जा रहा है. लेकिन अब टेंडर प्रक्रिया के नियमानुसार कोई भी कार्य आदेश प्राप्त होने पर वास्तविक कार्य करते समय संबंधित ठेकेदार उस कार्य स्थल पर संपूर्ण प्रोजेक्ट की जानकारी, कार्य आदेश के साथ-साथ कार्य प्रारंभ होने की तारीख भी लगाने के लिए बाध्य है।

# नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी तीन साल बाद गिरफ्तार

**नवी मुंबई:** रबाले एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में एक नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न करने के बाद आरोपी फरार हो गया. उक्त आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। लेकिन आरोपी को जिस नाम से जाना जाता था, वह उसका मूल नाम नहीं था, इसलिए जांच अभी शुरू नहीं हुई थी. लेकिन क्राइम ब्रांच ने उसके ठिकाने का पता लगा लिया है और उसके चेहरे पर मुस्कान लौट आई है.




आरोपी का नाम अनंजय लालचंद्र पासवान उर्फ गनु है. यह आरोपी रबाले एमआईडीसी इलाके में रहता था. उसने अगस्त 2021 में एक नाबालिग लड़की का यौन शोषण किया था. इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने उसके माता-पिता की शिकायत के आधार पर 1 सितंबर को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया. लेकिन उस समय इस इलाके में हर कोई आरोपी को धनंजय लालचंद सरोज के नाम से जानता था. इसलिए पहली खबर में भी वही नाम आरोपी के तौर पर दर्ज किया गया. इसलिए पुलिस को भी इसी नाम के एक शख्स की तलाश थी. लेकिन मूल रूप से फरार आरोपी को ढूंढना मुश्किल था क्योंकि यह आरोपी का असली नाम नहीं था। पुलिस कमिश्नर मिलिंद भारंबे ने इस पुराने अपराध को लेकर दोबारा जांच शुरू करने का आदेश दिया था. इसलिए जांच दोबारा शुरू की गई. अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त अमित काले के मार्गदर्शन में एक पुलिस टीम ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि वारदात में आरोपी का असली नाम अनंजय लालचंद्र पासवान उर्फ गनू (31 वर्ष निवासी ग्राम बघावर, पोस्ट-ताहिरपुर, रौनापार, जिला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश) है। इस काम में कुछ मुखबिरों ने भी मदद की. वारदात को अंजाम देने के बाद भागते समय आरोपी ने बेंगलुरु में अपना मोबाइल बंद कर लिया. उसे उसी इलाके से गिरफ्तार किया गया.

# बहू ने विकृत सास के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज कराई

**पनवेल:** सास-बहू के झगड़ों के चरम पर पहुंचने की कई घटनाएं हमने सुनी और देखी होंगी, लेकिन दो दिन पहले एक सास ने खंडेश्वर पुलिस स्टेशन में आपराधिक शिकायत दर्ज कराई है. सास की दरिंदगी का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। यह घटना मुंबई के चूनाभट्टी में हुई और इन सब से आहत होकर पीड़ित टीचर ने यह शिकायत दर्ज कराई है. पनवेल: सास-बहू के झगड़ों के चरम पर पहुंचने की कई घटनाएं हमने सुनी और देखी होंगी, लेकिन दो दिन पहले एक सास ने खंडेश्वर पुलिस स्टेशन में आपराधिक शिकायत दर्ज कराई है. सास की दरिंदगी का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। यह घटना मुंबई के चूनाभट्टी में हुई और इन सब से आहत होकर पीड़ित टीचर ने यह शिकायत दर्ज कराई है. पीड़िता द्वारा इस दिल दहला देने वाली घटना की शिकायत दर्ज कराने के बाद शिकायत दर्ज करने वाली पुलिस भी अवाक रह गई. बार-बार ये सब झेलने के बाद पीड़िता पिछले साल अप्रैल तक इसी परिवार के साथ रही. लेकिन जब ये सब असहनीय हो गया तो पीड़िता ने थाने का दरवाजा खटखटाया.

# सुशांत राजपूत केस में समीर वानखेडे को राहत, बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा - 10 अप्रैल तक न हो कोई दंडात्मक कार्रवाई



**मुंबई:** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े ड्रग्स केस में कथित अनियमितता की जांच को लेकर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की ओर से आईआरएस अधिकारी समीर वानखेडे को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि केस में समीर वानखेडे के खिलाफ जारी नोटिस पर 10 अप्रैल तक कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाए। दरअसल एनसीबी ने राजपूत की मौत से जुड़े ड्रग्स केस और नशीले पदार्थ रखने पर एक नाइजीरियाई नागरिक की गिरफ्तारी के एक अन्य मामले के संबंध में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी वानखेड़े के खिलाफ शुरूआती जांच शुरू की है।

**समीर वानखेड़े ने की थी दोनों मामलों की जांच**

दोनों मामलों की जांच समीर वानखेड़े ने की थी। वानखेड़े के खिलाफ यह जांच दोनों मामलों में कथित तौर पर अनियमितता को लेकर की गई अज्ञात शिकायत के आधार पर की जा रही है। दरअसल सुशांत राजपूत ने जून 2020 में अपने मुंबई स्थित आवास पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। जिसके बाद एनसीबी ने फिल्म उद्योग में कथित मादक पदार्थों के इस्तेमाल की जांच शुरू की थी।

**वानखेड़े को आठ नोटिस जारी**

एजेंसी ने बाद में राजपूत की महिला मित्र रिया चक्रवर्ती और उसके भाई शौविक एवं 33 अन्य के खिलाफ कथित तौर पर मादक पदार्थ रखने, उनका सेवन करने और वित्त पोषण करने के मामले में एफआईआर दर्ज की थी। एनसीबी ने नवंबर 2023 से मार्च 2024 के बीच भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी वानखेड़े को आठ नोटिस जारी किए, जिसमें उन्हें एजेंसी के उप महानिदेशक संजय सिंह के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया, जो प्रारंभिक जांच का नेतृत्व कर रहे हैं।

# बुआ की लड़की की थी शादी, मेकअप करवाने गई फुफेरी बहन,
# पार्लर से चीखते हुए निकली बाहर

दुनिया की हर लड़की खूबसूरत दिखना चाहती है. कुछ नेचुरल ब्यूटी को बढ़ावा देती हैं तो कई लोग अलग-अलग ट्रीटमेंट्स अपनाती हैं. अब तो कई तरह की कॉस्मेटिक सर्जरी करवाने से भी लड़कियां नहीं हिचकती. लड़कियों के इसी शौक की वजह से ब्यूटी पार्लर खूब चलते हैं. ज्यादा से ज्यादा कस्टमर्स को आकर्षित करने के लिए ये पार्लर कई तरह के ऑफर्स निकालते रहते हैं. लेकिन कुछ अपने क्लाइंट्स के साथ भद्दा मजाक भी कर देते हैं.

ऐसे कई ब्यूटी पार्लर हैं जो सस्ते और घटिया प्रोडक्ट्स यूज करते हैं. बदले में अच्छे सैलून के मुकाबले कम दाम रखते हैं. लोग भी पैसे बचाने के चक्कर में इन बेकार प्रॉडक्ट्स को यूज करने वाले पार्लर में चले जाते हैं. जब तक उन्हें अपनी गलती का अहसास होता है, तब तक बड़ी देर हो जाती है. लोगों को अपने स्किन या बालों के डैमेज होने का नुकसान झेलना पड़ता है. ऐसा ही कुछ हुआ हरियाणा की एक लड़की के साथ. उसके बालों का हाल देखने के बाद आप भी डर जायेंगे.



**लंबे घने बालों का सत्यानाश**

रादौर की रहने वाली दीपिका नाम की लड़की के साथ ये घटना हुई. दीपिका अपनी बुआ की लड़की की शादी के लिए करनाल गई थी. वहां शादी में तैयार होकर खूबसूरत दिखने की चाहत में दीपिका एक पार्लर में गई. लड़की से गलती ते हो गई कि उसके पार्लर वाली द्वारा इस्तेमाल किये जा रहे प्रॉडक्ट्स की एक्सपायरी डेट नहीं देखी. इसका नतीजा ये हुआ कि लड़की के बाल डैमेज होकर टूटने लगे. लंबे घने बालों वाली लड़की के अब बाल ही नहीं बचे हैं.

**की ऐसी अपील**

अपने साथ हुई इस घटना को लड़की ने लोगों के साथ शेयर किया. उसने बताया कि कभी भी सस्ते के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए.

साथ ही कोई भी प्रॉडक्ट यूज करने से पहले उसे अच्छे से चेक कर लेना चाहिए. आपको बता दें कि शहर में ऐसे कई पार्लर हैं जो गली मोहल्ले में कम दाम में ब्यूटी ट्रीटमेंट देने का दावा करते हैं. एक अच्छे सैलून में जिस ट्रीटमेंट के दस हजार लगते हैं, उसे दो हजार में करने के बदले लोगों के हेल्थ के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है. इसी का एक उदाहरण है ये वीडियो.

# पालघर में टैंकर ने स्कूटर को टक्कर मारकर घसीटा...

## हादसे में महिला की मौत!



Demo Pic

**पालघरः** महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक टैंकर ने एक स्कूटर को टक्कर मार दी और वाहन को घसीटते हुए कुछ दूरी तक ले गया, जिससे 35 वर्षीय एक महिला की मौत हो गयी और उनके पति इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये।

पुलिस ने यह जानकारी दी। अरनाला सागरी थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना विरार इलाके में एक होटल के समीप मंगलवार को पूर्वाह्न करीब साढ़े नौ बजे हुई। अधिकारी ने बताया कि टैंकर ने स्कूटर को पीछे से टक्कर मारी और दोपहिया वाहन पर सवार दंपति को कुछ दूर तक घसीटता हुआ ले गया। उन्होंने बताया कि किरण टाक नाम की महिला की मौके पर ही मौत हो गई और उसके पति को गंभीर चोटें आईं। अधिकारी के मुताबिक, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां फिलहाल उनका उपचार किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि महिला इलाके में घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी। अधिकारी के मुताबिक, पुलिस ने टैंकर चालक को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ संबंधित प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या!

**नालासोपारा :** नालासोपारा पूर्व के आचोले डोंगरी क्षेत्र में एक 39 वर्षीय शख्स द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने की घटना सामने आई है। इस संबंध आचोले पुलिस स्टेशन सीआरपीसी कलम 174 के तहत केस दर्ज कर आगे की तहकीकात में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, संदीप जसवंत सिंह चंदेलिया, आचोले डोंगरी, आचोले में रहता था। बताया जाता है कि, 1 अप्रैल को संदीप किसी अज्ञात कारण वश घर के रूम के छत पर लगे लोहे के एंगल में ओढ़नी की सहायता से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया और आगे की तहकीकात में जुट गई है।

# महाराष्ट्र में दो समूहों के बीच हुई झड़प

## एक-दूसरे पर तलवारों से किया हमला, विवाद का वीडियो वायरल





**ठाणे :** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी इलाके में मंगलवार को दो समूहों के बीच हुई झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड़ ने बताया कि एक ही इलाके में रह रहे दो परिवार के समूहों के बीच लंबे समय से दुश्मनी थी, जिसके चलते शाम करीब साढ़े पांच बजे उनके बीच झड़प हुई. उन्होंने कहा कि अभी तक इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है. सोशल मीडिया पर, इस विवाद का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें दोनों समूह एक-दूसरे पर तलवारों से हमला करते देखे जा सकते हैं.

**फोन पर गेम खेलने को लेकर विवाद**

एक अन्य मामले में एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मोबाइल फोन पर गेम खेलने के दौरान हुए विवाद के बाद दो नाबालिग भाइयों पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने छह किशोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. यह घटना 30 मार्च को भयंदर इलाके के काशीगांव में हुई और पीड़ितों के पिता, जो एक स्थानीय ऑटो-रिक्शा चालक हैं, ने मंगलवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. काशीगांव पुलिस की एफआईआर के अनुसार, नाबालिग भाई-बहनों में से एक और उसके दोस्त, जो एक अलग समुदाय से है, के बीच मोबाइल फोन पर गेम खेलते समय विवाद हो गया, जिससे दोनों के बीच टकराव हुआ.

एफआईआर के अनुसार, दोस्त तो चला गया लेकिन बाद में पांच अन्य किशोरों के साथ लौटा और उन्होंने कथित तौर पर 12 और 14 साल की उम्र के भाई-बहनों के साथ मारपीट की, उनके खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया और उनके देवताओं के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां कीं. शिकायत के आधार पर, छह किशोरों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया, जिसमें 295ए (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए जानबूझकर किए गए कृत्य), 153ए (विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), 143 (गैरकानूनी सभा), 147 (दंगा करना) शामिल है.

## एम.डी. ड्रग्स के साथ एक नाईजीरियन गिरफ्तार...

**नालासोपारा :** पिछले कई माह से तुलिंज पुलिस द्वारा नालासोपारा पूर्व क्षेत्र में नाईजीरियन के पास से लाखों रुपए एम.डी. ड्रग्स की खेप जप्त कर उनके खिलाफ केस दर्ज कर रही है। इसी कड़ी में फिर तुलिंज पुलिस ने एक 45 वर्षीय नाईजीरियन को 3 लाख से अधिक रुपए का एम.डी. ड्रग्स जप्त की है तथा उसके ऊपर तुलिंज थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीकरण कर आगे की विवेचना में जुट गयी है। मिली जानकारी के अनुसार, तुलिंज पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक 45 वर्षीय नाईजीरियन शख्स एम.डी. ड्रग्स (मेफेड्रॉन) लेकर नालासोपारा पूर्व के तुलिंज ब्रिज के नीचे बेचने आने वाला है।


# मनपा को गड्ढे भरने के लिए लगाने पड़ेंगे चुनाव आयोग के चक्कर

## स्कूली बच्चों को दी जाने वाली सामग्री के लिए भी लेनी होगी मंजूरी



**मुंबई :** मानसून के दौरान सड़कों पर पड़ने वाले गड्ढों को भरने के लिए मनपा हर साल ठेकेदारों को काम देती है। लोकसभा चुनाव के चलते लगी आचार संहिता के कारण मनपा को अब गड्ढे भरने के लिए राज्य चुनाव आयोग के समक्ष चक्कर लगाने होंगे। इसी तरह स्कूली बच्चों को हर साल दी जाने वाली 27 वस्तुओं को देने के लिए भी चुनाव आयोग की मंजूरी लेनी पड़ेगी। चुनावी आचार संहिता लगने के कारण इस साल सेवा सुविधा मुहैया कराने में परेशानी हो सकती है।

मनपा के सामने इस तरह की सेवा सुविधा देने के लिए पहले से तैयारी नहीं होने के कारण मनपा के सामने परेशानी बढ़ गई है। उल्लेखनीय है कि मानसून के पूर्व सड़क पर बनने वाले गड्ढों को भरने के लिए ठेका देना पड़ता है। खासकर जो सड़क डी एल पी में नहीं है, उन सड़कों पर पड़े गड्ढों को भरने के लिए ठेकेदार की नियुक्ति करनी पड़ती है। मनपा प्रशासन द्वारा इस साल सड़कों पर पड़ने वाले गड्ढों को भरने के लिए दिए जाने वाले ठेका अभी तक नहीं दिए जाने से मनपा को अब ठेका देने के लिए राज्य चुनाव आयोग से मंजूरी लेनी पड़ेगी। मनपा प्रशासन ने डी एल पी सड़क की भी मरम्मत करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। लोकसभा चुनाव जून महीने में खत्म हो रहा है।



# महाराष्ट्र की इस सीट को लेकर सत्ताधारी सहयोगियों में तनाव? नारायण राणे ने किया ये बड़ा दावा

**महाराष्ट्र :** केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने मंगलवार को कहा कि बीजेपी को रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ना चाहिए क्योंकि वहां उसका एक महत्वपूर्ण आधार है. राणे ने विश्वास जताया कि अगर पार्टी उन्हें आगामी संसदीय चुनाव में उस सीट से मैदान में उतारती है, तो वह जीत हासिल करेंगे. राणे के बयान के बाद महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ सहयोगियों के बीच तनाव बढ़ने की संभावना नजर आ रही है.

खासकर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना जिसकी तरफ से इस सीट पर दावा किया गया है और



बीजेपी के बीच. वर्तमान में इस सीट का प्रतिनिधित्व विनायक राउत कर रहे हैं. जो उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिव सेना (यूबीटी) के नेता हैं. रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग लोकसभा क्षेत्र महाराष्ट्र के दो प्रमुख तटीय जिलों को कवर करता है जो अविभाजित शिवसेना का गढ़ माना जाता रहा है. पार्टी के विभाजन के बाद विनायक राउत ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट का समर्थन किया और उन्हें शिव सेना (यूबीटी) ने इस सीट से टिकट दिया. वहीं अब शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने इस सीट पर अपना दावा पेश किया है. लेकिन बीजेपी ने इस सीट के लिए अब शिवसेना शिंदे पर अपना दबाव बढ़ा दिया है. मीडिया से बातचीत के दौरान नारायण राणे ने कहा कि रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग संसदीय क्षेत्र में बीजेपी का महत्वपूर्ण आधार है और हमें सीट मिलनी चाहिए. अगर बीजेपी मुझे मैदान में उतारती है तो मैं न सिर्फ चुनाव लडूंगा बल्कि सीट भी जरूर जीतूंगा.

## नारायण राणे ने शिवसेना से की थी राजनीति की शुरूआत

आपको बता दें कि नारायण राणे के बड़े बेटे नीलेश राणे ने 2009 का लोकसभा चुनाव रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग निर्वाचन क्षेत्र से जीता था. उस समय नारायण राणे कांग्रेस का हिस्सा थे. 2014 में कांग्रेस ने राणे को फिर चुनाव मैदान में उतारा था लेकिव वे शिवसेना उम्मीदवार विनायक राउत से हार गए थे. विनायक राउत 2019 में भी अपना निर्वाचन क्षेत्र बरकरार रखा. नारायण राणे ने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत अविभाजित शिव सेना से की थी. हालांकि बाद में उन्हें शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे ने पार्टी से निष्कासित कर दिया था. वही राणे के छोटे बेटे नितेश सिंधुदुर्ग जिले में कांकावली विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं.

## गोवा सीएम भी कर चुके है इस सीट का दौरा

बता दें कि महाराष्ट्र बीजेपी नेता और राज्य के पीडब्ल्यूडी मंत्री रवींद्र चव्हाण को रत्नागिरी का प्रभार दिया गया है. रत्नागिरी में बीजेपी बूथ-स्तरीय कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने लोकसभा उम्मीदवार से संबंधित सवालों को टाल दिया. आपको बता दें कि पिछले महीने गोवा के मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता प्रमोद सावंत भी सिंधुदुर्ग का दौरा कर चुके है. उन्होंने कहा था वहां बीजेपी का चुनाव चिन्ह कमल खिलना चाहिए.

## उद्योग मंत्री ने रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग सीट पर शिवसेना की जीत का किया दावा

वहीं राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने विश्वास जताया है कि सत्तारूढ़ शिवसेना रत्न ागिरी-सिंधुदुर्ग निर्वाचन क्षेत्र में 2.5 लाख वोटों के अंतर से जीतेगी. शिवसेना इस सीट पर लंबे समय से चुनाव लड़ रही है. उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि हमारा उम्मीदवार विपक्षी उम्मीदवार के खिलाफ 2.5 लाख से अधिक मतों के अंतर से जीतेगा. बीजेपी के साथ-साथ शिवसेना नेताओं ने भी समर्थन प्रदर्शित करने के लिए दोनों जिलों - रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग में पार्टी कार्यकताओं की बैठकें आयोजित की हैं. राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, उदय सामंत के भाई किरण सामंत इसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं.

# चल रही थी फोन टैपिंग

## एक्शन में आए DGP,डीसीपी को अरेस्ट करने का दिया आदेश

**नई दिल्ली.** हैदराबाद पुलिस ने कमिश्नर टास्क फोर्स के एक पूर्व डीसीपी को शुक्रवार को फोन टैपिंग और कुछ कंप्यूटर सिस्टम और आधिकारिक डेटा को नष्ट करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया. पूर्व पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राधाकिशन राव को एक स्थानीय जेल में भेज दिया गया है. पुलिस द्वारा जारी प्रेस रिलीज में कहा गया, ह्लमामले में जांच के हिस्से के रूप में, राधाकिशन राव को कल बंजारा हिल्स पुलिस स्टेशन में पूछताछ के लिए बुलाया गया था और पूछताछ के दौरान उन्होंने प्रोफाइल विकसित करने की साजिश के कथित अपराधों में अपनी संलिप्तता को कबूल कर लिया है. वो निजी लाभ के लिए निर्धारित आधिकारों और संसाधनों का शोषण कर रहे थे.'

जैसे ही मामला डीजीपी के संज्ञान में आया उन्होंने इस प्रकरण पर जांच के आदेश दिए. डीसीपी के कबूलनामे के आधार पर उन्हें



अरेस्ट कर लिया गया. दावा किया गया है कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाकर और अन्य आरोपी व्यक्तियों के साथ मिलकर सबूतों को गायब करके उनकी अवैध गतिविधियों के सबूत नष्ट करने का काम उन्होंने किया. कबूलनामे पर उन्हें आज सुबह लगभग 8 बजे जांच अधिकारी ने गिरफ्तार कर लिया और एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया. विज्ञप्ति में कहा गया है कि न्यायिक हिरासत की मांग की गई, जिसे स्वीकार कर लिया गया. वो 12 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में जेल में रहेंगे.

पुलिस ने पहले कहा था कि 13 मार्च को उन्होंने प्रणीत राव को गिरफ्तार किया गया था. उसपर कई व्यक्तियों के प्रोफाइल विकसित करने और उन्हें गुप्त रूप से बिना अनुमति अवैध रूप से निगरानी करने के अलावा कुछ कंप्यूटर सिस्टम और आधिकारिक डेटा को नष्ट करने का आरोप है. मामले की जांच के तहत, पुलिस ने हाल ही में पूर्व एसआईबी प्रमुख टी प्रभाकर राव और कमिश्नर टास्क फोर्स के तत्कालीन पुलिस उपायुक्त पी राधाकिशन और एक तेलुगु टीवी चैनल के एक वरिष्ठ कार्यकारी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया था.

# गर्लफ्रेंड संग शराब और ऐश के लिए सेल्समैन ने शोरूम से चुराए 1 करोड़ के जेवर, फिर मीरा रोड से यूं हुआ अरेस्ट



**ठाणे:** गर्ल फ्रेंड के साथ शराब और मौज मस्ती के लिए एक सेल्समैन चोर बन गया। उसने एक प्रसिद्ध जूलर्स के शोरूम से एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के गहनों की चोरी की, जहां पर सेल्समैन की नौकरी करता था। चोरी करने के बाद सेल्समैन राहुल मेहता फरार हो गया। हालांकि लगभग 15 दिन बाद नौपाडा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद से पुलिस ने 62 लाख 10 हजार रुपये मूल्य के गहनों को बरामद किया है। अदालत ने मेहता को पुलिस हिरासत में भेज दिया है। उसे उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह अपनी प्रेमिका से मिलने आया था।

पूछताछ में पता चला कि सेल्समैन मेहता को शराब पीने की आदत थी। शराब की लत को पूरा करने और मौज मस्ती के लिए उसने गहनों की चोरी शुरू कर दी थी। मुंबई से फरार होने के बाद वह इंदौर और गुजरात चला गया था। पुलिस से बचने के लिए अपना मोबाइल फोन भी बंद कर दिया था।

### पत्नी ने लिखाई थी गुमशुदगी की रिपोर्ट

बताया जा रहा है कि 9 मार्च को उसने शोरूम से 38 छोटे-बड़े हार, 24 जोड़ी झुमके, 3 सोने की चेन, 5 चूड़ियां समेत कुल एक करोड़ 5 लाख 55 हजार 766 मूल्य के गहने गायब किए थे। शोरूम मालिक ने जब राहुल से संपर्क करने की कोशिश की, तो उसका फोन स्विच ऑफ मिला। उसकी पत्नी से पूछताछ की, तो पता चला कि वह 8 मार्च से ही घर पर नहीं आया था। उसकी पत्नी ने गुमशुदगी की रिपोर्ट भी नौपाडा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई थी। इसके बाद 25 मार्च को शोरूम मालिक की शिकायत पर पुलिस ने राहुल के खिलाफ आभूषणों की चोरी का मामला दर्ज किया था।

# ट्रेन में किशोरी से की छेड़छाड़... लोगों ने कर दी व्यक्ति की पिटाई, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई में एक उपनगरीय ट्रेन के अंदर 15 वर्षीय लड़की से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के आरोप में यात्रियों ने एक व्यक्ति की पिटाई कर दी। इस घटना की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी। बांद्रा रेलवे पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात को हुई जब ट्रेन पश्चिमी लाइन पर दादर और अंधेरी के बीच थी और आरोपी की पहचान कमाठीपुरा निवासी नूर अहमद सगीर अहमद (34) के रूप में हुई है।

उन्होंने कहा, लड़की, जो अपने पिता के साथ थी, को एहसास हुआ कि अहमद उसे गलत तरीके से छू रहा था। उसके शोर मचाने के बाद यात्रियों ने





अहमद की पिटाई की और उसे अंधेरी रेलवे स्टेशन पर पुलिस को सौंप दिया। अधिकारी ने कहा, पिटाई के बाद अहमद को कूपर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसे पहले भी ऐसा अपराध करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वह नशीली दवाओं का सेवन करता है। घटना के समय, पीड़िता, जिसका परेल स्थित अस्पताल में इलाज चल रहा है, ने सुविधा का दौरा करने के बाद दादर-बोरीवली ट्रेन ली थी। उन्होंने कहा, अहमद पर भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम प्रावधानों के तहत छेड़छाड़ और अन्य अपराधों का आरोप लगाया गया था।

# रखे परिवार के स्वास्थ्य का ख्याल

**आप पर सिर्फ अपनी नहीं, बल्कि पूरे परिवार की जिम्मेदारी है। फिर बात चाहे हेल्थ की ही क्यों न हो। फैमिली के हेल्दी रहने की रिस्पॉन्सिबिलिटी पूरी तरह आपकी ही है। थोड़ी सी सावधानी बरत कर आप इस कार्य पर आसानी से कामयाबी पा सकती हैं कैसे?**

अगर आपकी फैमिली हेल्दी और हैप्पी है, तो जाहिर है कि आप भी हैप्पी होंगी, लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं है कि आजकल की टफ और फास्ट लाइफ में पूरी फैमिली के हाइजीन और न्यूट्रिशन का ख्याल रखना आपके लिए किसी चैलेंज से कम नहीं। ऐसे में फैमिली की हेल्थ आपकी टॉप प्रायरिटी है और इसे अच्छा बनाए रखना बेहद जरूरी है।

## जरूरी है न्यूट्रिशन

आपकी फैमिली की हेल्थ कैसी है, यह इस बात पर डिपेंड करता है कि आपके फैमिली मेंबर्स क्या खाते हैं। कोशिश करें कि वे न्यूट्रिशंस से भरपूर घर का बना खाना ही खाएं। अगर उन्हें फ्रूट्स खाने की आदत नहीं है, तो इसकी शुरुआत आप ब्रेकफास्ट से कर सकती हैं। उन्हें ब्रेकफास्ट में उनके पसंदीदा फूड के एक-दो पीस जरूर दें। आप टीनएजर्स को फ्रूट्स और वेजिटेबल्स से होने वाले स्किन ग्लो, एनर्जी लेवल बढ़ने व ऐसे दूसरे बेनिफिट्स के बारे में बता सकती हैं।

## जंक फूड हो स्पेशल

बात हेल्थ की हो रही है, तो जंक फूड को अवॉइड करना ही बेहतर है, लेकिन फिर भी बच्चे इसकी डिमांड करते हैं, तो उन्हें कुछ मजेदार खिलाने के लिए आपको थोड़ा क्रिएटिव बनना होगा। मतलब ये हुआ कि आपको किचन में कुछ एक्सपेरिमेंट्स करने होंगे। बच्चों को विट पास्ता विद वेजिटेबल्स, वेज सैंडविच या ऐसी दूसरी डिशेज बनाकर खिलाई जा सकती हैं।



## हाइजीन और हैबिट्स

आपकी फैमिली को इटिंग, हाइजीन व क्लिनिंग से जुड़ी अच्छी आदतों के बारे में पता होना चाहिए। उन्हें बताएं कि खाने से पहले हाथ जरूर धो लें। जल्दी-जल्दी खाने की बजाय धीरे- धीरे चबाकर खाएं। अक्सर बच्चे खेलते-कूदते हुए खाते हैं, जिससे उन्हें डाइजेशन में प्रॉब्लम हो सकती है। उन्हें खाने से तुरंत पहले और खाने के फौरन बाद पानी पीने से रोकें। इसके अलावा बच्चों के वेक्सिनेशन का भी ख्याल रखें। डॉ . सिमरन के मुताबिक आपके घर कोई यंग लड़की है तो उसे सर्वाइकल कैंसर का वेक्सीन लगवाया जा सकता है।






## साथ में वॉक

अगर आप फैमिली के साथ वॉक का रूटीन बना लेती है , तो इससे बढ़िया क्या होगा। यूं तो रोजाना वॉक बेस्ट है, लेकिन वीक में कम से कम दो बार ऐसा करने से भी अच्छे रिजल्ट दिखेंगे। किड्स को आउटडोर गेम्स की तरफ मोटिवेट करें। ये सही है कि इनडोर गेम्स, इंटरनेट बच्चों को दिमागी तौर पर हेल्दी बनाते हैं, लेकिन फिजिकल फिटनेस के लिए आउटडोर एक्टिविटीस भी जरूरी है। फिटनेस एक्सपर्ट डॉ. जीशान अहमद का कहना है कि आजकल सर्वाइकल की प्रॉब्लम बहुत बढ़ रही है। ऐसे में आप बच्चों को या बड़ों को ज्यादा देर तक एक ही पॉस्चर में टीवी देखने या कोई इनडोर गेम खेलने से रोकें।

## मामला इमोशनल हेल्थ का

न सिर्फ फिजिकल हेल्थ, बल्कि आपकी इमोशनल या मेंटल हेल्थ का दुरुस्त होना बेहद जरूरी है। आप दिमागी तौर स्वस्थ रहेंगे, तो किसी भी काम का सक्सेस रेट बढ़ेगा। इसके लिए आप घर में ऐसा माहौल बनाएं, जिसमें सभी खुश रह सकें। कोई भी स्ट्रेस से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। आप फैमिली के साथ मूवी देखकर, शॉपिंग या आऊटिंग करके स्ट्रेस को दूर कर सकती हैं।





## हमेशा रहें सावधान


बेहतर होगा कि आप समय-समय पर फैमिली मेंबर्स का वेट, कोलेस्ट्रॉल लेवल और बीपी वगैरह की जांच कराती रहें। अगर घर में शुगर या बीपी का कोई पेशेंट है, तो घर में ही मशीन रखकर उसकी जांच कर सकती हैं, जिससे वह आउट ऑफ कंट्रोल न हो। ऐसे में किसी बीमारी का समय से पता लगाया जा सकता है। अगर फैमिली में कोई बीमार हो जाए तो सिचुएशन को कंट्रोल करने का जिम्मा आप पर ही होगा। ऐसे में यह देखना भी जरूरी है कि उसकी बीमारी से दूसरों को कोई मानसिक तनाव न हो। बीमार व्यक्ति के प्रति अपना सपोर्ट और प्यार जताना बेहद जरूरी है। छोटी बीमारी तो चंद दिनों के इलाज से ठीक हो जाती है, लेकिन अगर कोई बड़ी बीमारी है तो आपका रोल और भी अहम होगा।

## काम के रूल्स

बच्चों को हेल्थ संबंधी अच्छी बातें सिखाने के लिए कुछ रूल्स तय करने का आइडिया भी बुरा नहीं है। वैसे, अगर घर के बड़े और बच्चे इन रूल्स को फॉलो कर लेते हैं, तो न सिर्फ उनकी हेल्थ अच्छी बनेगी, बल्कि उनमें अनुशासन की भावना भी पनपेगी। इसके अलावा उन्हें प्रेरित करने के लिए बड़े सिलेब्रिटिज के उदाहरण भी दिए जा सकते हैं।

## दवाओं को नो

कई घरों में ऐसा माहौल होता है कि छोटी सी तकलीफ पर भी वे तुरंत पिल्स ले लेते हैं। अगर आप भी ऐसा कर रही हैं, तो इसे तुरंत रोकें। ऐसे में आप दवाओं के बिना घरेलू उपचार अपना सकती हैं। मसलन, हैवी डिनर के बाद अगर कोई इनडाइजेशन महसूस कर रहा है तो पिल देने की बजाय उसे मिंट की पत्ती दे सकती हैं।



# ठाणे-बेलापुर रूट पर हर जगह चल रहे काम...ट्रैफिक जाम

**ठाणे:** फिलहाल गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है और नवी मुंबई का तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया है. ठाणे-बेलापुर मार्ग पर कई स्थानों पर सड़क का काम चल रहा है, जहां यातायात की मात्रा सबसे अधिक है।



यहां पुल बनाने का काम कुछ दिन पहले ही शुरू किया गया है. इस वजह से तुर्भे रेलवे स्टेशन के सामने हर दिन भीषण जाम लग जाता है. इस इसके कारण इस सड़क पर यात्रियों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी काफी जाम का सामना करना पड़ता है। ड्राइवर और यात्रियों की मांग है कि ये सभी काम जल्द से जल्द पूरे किए जाएं. इस मार्ग पर बेलापुर से ठाणे जाते समय, नेरुल पार करने के बाद, शिरावल गांव की ओर जाने वाली और पुल पर चढ़ने वाली सड़क बरसात के बाद से खराब स्थिति में थी। इसलिए इस सड़क का काम शुरू किया गया है. वहां से सानपाड़ा के पास वाशी की ओर जाने वाले फ्लाईओवर की मरम्मत का काम चल रहा है. इसलिए इस फ्लाईओवर को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है. हालाँकि, इसके बगल में एक नया पुल बनाया गया है। तो पुल से वाशी जा सकते हैं। हालांकि, तुर्भे रेलवे स्टेशन के सामने की सड़क खोद दी गई है।

ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए वाशी बाजार जाने वाले वाहनों के लिए रेलवे स्टेशन के अंदर की सड़क का विकल्प भी खोल दिया गया है। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस भी पूरी धूप में खड़ी है. हालांकि, यहां सड़क पर ट्रैफिक की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है. कोपरखैरणे रेलवे स्टेशन पार करने के बाद इस मार्ग पर वाहन चालकों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है क्योंकि आगे सिग्नल पर चार सड़कें मिलती हैं। यहां के मार्ग पर महापे जंक्शन पर भी बड़ी मात्रा में सड़क का काम चल रहा है।

# लोक शांति भंग करने पर 1,584 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही...

## जिला पुलिस प्रशासन अलर्ट

**रायगढ़:** चुनाव के दौरान हमेशा बहस होती रहती है। पिछले चुनाव से उपजा विवाद अभी भी अदालती प्रक्रिया में है। इस बीच, आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। आचार संहिता लागू होने के साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से कार्रवाई का अभियान चलाया गया है। जिले में लोक शांति भंग करने के आरोप में 1584 व्यक्तियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गयी है।

यह कार्रवाई वाद-विवाद या झगड़ा, झड़प में भाग लेने, भड़काऊ भाषण को बढ़ावा देकर कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ की गई है। पुलिस अधीक्षक सोमनाथ घरगे, अपर पुलिस अधीक्षक अतुल जेंडे ने बताया कि लोकसभा चुनाव आचार संहिता के मद्देनजर रायगढ़ पुलिस एक्शन मोड में है। 16 मार्च को दोपहर में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता की घोषणा होते ही जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक की एक संयुक्त समिति पिस्तौल, राइफल और अन्य आग्नेयास्त्रों को इकट्ठा करने की प्रक्रिया पूरी कर रही है क्योंकि चुनाव अवधि के दौरान राजनीतिक बहस और दुश्मनी पैदा होने की संभावना है।

### शस्त्र जमा कराने के निर्देश

लाइसेंस धारकों से हथियार जमा कराए जा रहे हैं। रायगढ़ जिले में पच्चीस पुलिस स्टेशन हैं और 1,691 लोगों को हथियार लाइसेंस जारी किए गए हैं। इनमें से 692 हथियार जमा कर लिए गए हैं। अपराध के संबंध में दस हथियार जमा कराए गए हैं। 12 लोगों के लाइसेंस रद्द कर दिये गये हैं। 129 लाइसेंस धारकों को छूट दी गई है। अपर अधीक्षक अतुल जेंडे ने बताया कि 848 हथियार अभी तक जमा नहीं किये गये हैं। इसी तरह चुनाव के दौरान अवैध हथियार लेकर मतदाताओं को धमकाने वालों पर भी पुलिस की नजर है।

# अर्थी से बार-बार उठ जा रहा था मुर्दा, लोग मारने लगे झाड़ू और चप्पल



भारत में हर जाति और धर्म के लोगो की अपनी अपनी अलग अलग तरह की परंपराएं होती है। कई जगहों पर तो इतनी अजीबो गरीब परंपराएं होती हैं कि उन्हें देख हैरानी होती है। ऐसी ही एक परंपरा राजस्थान के भीलवाड़ा की है, यहां एक परंपरा निभाते हुए सोमवार को शीतला सप्तमी के अवसर पर मुर्दे की सवारी निकाली गई।

यह सुनकर आप भी हैरान हो जाएंगे की मुर्दे की सवारी भी निकाली जाती क्या,जी हां, यह बात बिल्कुल सच है। इस मुर्दे की सवारी को देखने के लिए लोगों की भारी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई। बताया गया है कि इस शहर में बरसों से यह अनोखी परंपरा चली आ रही है। इसके तहत सोमवार को घोड़े, ऊंट और बैलगाड़ी के साथ अर्थी की सवारी निकाली गई।

अर्थी पर एक युवक को जिंदा लाश बनाकर लिटाया गया। इसके बाद यात्रा में शामिल लोग 'लाश' को झाड़ू और चप्पल से मार रहे थे, जैसे ही उसको चोट लग रही थी वह उठकर भागने की कोशिश कर रहा था तो लोग फिर से उसे पकड़कर अर्थी पर लिटा दे रहे थे। लेकिन अंत में लोगों से बचकर 'लाश' भागने में कामयाब हो गया।

यहां कई वर्षों से शीतला सप्तमी पर इस परंपरा को निभाया जाता है, और इस तरह से अर्थी निकाली जाती है। लोग खूब रंग-अबीर उड़ाते है। इस यात्रा में खूब मौज मस्ती करते हैं। हंसी ठहाको के साथ यात्रा में शामिल होते है। इस अवसर पर पहले सुबह के समय मां शीतला की पूजा की जाती है और दोपहर के बाद शव यात्रा निकालते है। जिसके बाद देर शाम सभी वापस मंदिर में जाते है।

# ऑनलाइन ठगी से 3.5 लाख रुपये बरामद,

## काशीमीरा पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई




**वसई :** काशीमीरा पुलिस ने पूरे रुपये बरामद कर लिए हैं. शिकायत मिलते ही काशीमीरा पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अकाउंट फ्रीज कर दिए और साइबर बदमाश उन पर हमला नहीं कर सके. मीरा रोड में रहने वाले शिकायतकर्ता दर्शन व्यास आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। इसके लिए उन्होंने लोन लेने के लिए गूगल से 'क्रेडिट इंस्टालमेंट लोन' नाम का ऐप डाउनलोड किया था। लेकिन ये लोन ऐप फर्जी था.

दर्शन व्यास ने इस लोन ऐप के साइबर स्कैम के जरिए लोन लेने के लिए अलग-अलग कारण बताते हुए 3 लाख 29 हजार रुपये देने को कहा था. यह रकम अलग-अलग खातों में जमा कराई गई थी। लेकिन इतना सब करने के बावजूद व्यास को लोन नहीं मिला और फीस के तौर पर चुकाई गई साढ़े तीन लाख की रकम भी उन्हें नहीं मिली. खुद को ठगा हुआ महसूस करते हुए व्यास ने काशीमीरा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 420, 34 के साथ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 (सी) और 66 (डी) के तहत मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता व्यास द्वारा भुगतान की गई राशि अलग-अलग बैंक खातों में जमा की गई थी। हालांकि, समय पर शिकायत मिलने के बाद, काशीमीरा पुलिस ने तुरंत संबंधित बैंक से संपर्क किया और राशि को फ्रीज कर दिया। बाद में पुलिस ने कोर्ट से पत्राचार कर शिकायतकर्ता से धोखाधड़ी की रकम बरामद की। काशीमीरा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की और साइबर अपराधियों को पैसे निकालने से पहले ही पकड़ लिया गया। साइबर अपराध में धोखाधड़ी की रकम की शत-प्रतिशत वसूली का यह एक दुर्लभ मामला है।

### किस बात का ध्यान रखें?

साइबर भग्ते सक्रिय हो गए हैं और नागरिकों को अनजान व्यक्तियों से व्यवहार करते समय सावधान रहना चाहिए, ऐसी अपील साइबर पुलिस ने की है। काशीमीरा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेंद्र कांबले ने अपील की है कि ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में तुरंत सरकार के हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर क्राइम वेबसाइट पर रिपोर्ट करें।

# वसई में प्रसिद्ध सलीम कासेतवाला हत्याकांड... भगोड़ा आरोपी 36 साल बाद गिरफ्तार

**वसई :** मानिकपुर पुलिस ने 1988 में वसई भार रोड पर सलीम कमाल उर्फ सलीम कैसेटवाला की हत्या के मामले में भगोड़े आरोपी क्लेमेन लोबो उर्फ मुन्ना को करीब 36 साल बाद गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के बाद वह विदेश भाग गया। 90 के दशक में वसई में हुई विभिन्न हत्याओं में से सलीम कैसेटवाला की हत्या सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। 90 के दशक में वसई विरार शहर में दहशत का माहौल था। दिनदहाड़े सड़कों पर हत्याएं हो रही थीं. इसी दौरान सलीम अकबर अली कमाल उर्फ सलीम कैसेटवाला की भी हत्या कर दी गई। उनकी कैसेट की दुकान थी और इलाके में उनका बड़ा प्रभाव था. मृतक सलीम कमाल वरिष्ठ बहुजन विकास अघाड़ी कार्यकर्ता और केबल व्यवसायी सिराज कमाल के भाई थे। 1988 में, सलीम वसई पश्चिम मानिकपुर रोड (दत्तात्रय शॉपिंग सेंटर के सामने) पर पानीपुरी खाने आए। शाम करीब 7:30 बजे वह अपने बेटे के साथ पानीपूरी खा रहे थे तभी 7 लोगों के गिरोह ने सड़क पर उनकी हत्या कर दी. हत्या



दुश्मनी के चलते की गई थी। वसई तब वसई का एकमात्र पुलिस स्टेशन था। तत्कालीन वसई पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया था. लेकिन सातवां मुख्य आरोपी क्लेमैन लोबो उर्फ मुन्ना (अब 55 वर्ष) फरार था। बाद में उसका कहीं पता नहीं चला. समय के साथ मामला ठंडा पड़ गया. मानिकपुर पुलिस ने मामले की नए सिरे से जांच शुरू की थी। भगोड़े आरोपी क्लेमेन लोबो के विदेश से वसई आने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. मानिकपुर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजू माने ने बताया कि उसे आगे की जांच के लिए वसई पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है।

# डंपर से कुचलकर 66 वर्षीय वृद्ध की मौत

**मुंबई:** घोड़बंदर के एक 66 वर्षीय व्यक्ति की मंगलवार को उस समय मौत हो गई जब एक डंपर ने उसे पीछे से टक्कर मार दी और वह डंपर के पिछले पहिये के नीचे आ गया। पुलिस ने डंपर चालक खरीगांव निवासी 44 वर्षीय रमेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। घटना सुबह करीब 10.30 बजे हुई जब हेमंत पटेल अपने दोपहिया वाहन पर घोड़बंदर इलाके से ठाणे की ओर जा रहे थे। कपूरबावड़ी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, ''उसी समय, पीछे से आ रहे एक मालवाहक डंपर ने उनके स्कूटर को जोरदार टक्कर मार दी और वह गिर गए।'' ''उसके सिर से बहुत खून बह रहा था। उन्हें तुरंत जिला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज से पहले ही उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# महाराष्ट्र के संभाजीनगर में लगी भीषण आग, एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत !

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के संभाजीनगर में मंगलवार (2 अप्रैल) की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया. यहां भयंकर आग लगने से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई. प्राथमिक रूप से मिली सूचना के मुताबिक यह आग असलम टेलर नाम के एक दुकान में लगी. आग सुबह 3 से 4 के बीच में लगी. ऐसा बताया जा रहा है कि यहां



एक बैटरी वाली गाड़ी को चार्जिंग में लगाया गया था और उसी में हुए ब्लास्ट के बाद यह भयंकर आग लगी. कपड़े की दुकान होने की वजह से आग चारों तरफ फैल गई और जिसमें जलकर दो लोगों की और दम घुटने के कारण पांच लोगों की मौत हो गई. वहीं मृतकों की पहचान आसिम वसीम शेख, परी वसीम शेख, वसीम शेख (30 वर्ष), तन्वीर वसीम (23 वर्ष), हमीदा बेगम (50 वर्ष), शेख सोहेल (35 वर्ष), रेशमा शेख (22 वर्ष) के रूप में हुई है.

बताया जा रहा है कि जब तक पड़ोसी कुछ समझ पाते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया था. कुछ ही समय में पूरा घर जलकर राख हो गया. पुलिस ने सभी के शव पोस्टमार्टम के लिए सरकारी हॉस्पिटल पहुंचा दिए हैं. जानकारी के मुताबिक जिस इमारत में आग लगी है, वह तीन मंजिला थी उसके ग्राउंड फ्लोर पर कपड़े की दुकान थी, जिसमें आग लगी.

महाराष्ट्र क्राईम्स

समाचार

8

मुंबई, 05 अप्रैल 2024

# राबोड़ी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के आशीर्वाद से चल रहे है

# मसाज पार्लर के आड़ में देह व्यापार का धंधा

**म.क्रा वि.संवाददाता**

**थाने:** आये दिन शहर में कही ना कही किसी ना किसी मसाज पार्लर में पुलिस की छापेमारी होती रहेती है। छापेमारी में पुलिस ने कई बार एक नई वारदात को उजागर किया है। जिससे प्रसासन के सामने विशाल चट्टान की तरह एक बड़ी चुनौती खड़ी होती है। लेकिन महाराष्ट्र पुलिस हर एक चुनौती को स्वीकार करने में पूरी तरह सक्षम रहती है। लेकिन कुछ पुलिस अधिकारी ऐसे होते है जो कुछ रुपयों की खातिर अपने कर्तव्य को पूरी तरह से अनदेखा करके उन गैर कानूनी कार्य करने वालो को अपना आशीर्वाद प्रदान करती है। जिसके एवज में उन पुलिस अधिकारियो को हर महीने तनखाह के शक्ल में कुछ रुपए मिल जाते है।

स्थानिक रहिवाशी के अनुसार दुकान क्र १५ देवाश्री गार्डन शितल डेरी के बाई तरफ रितु पार्क पंचशील नगर मजिवाडा थाने ४००६०१ इस पते पर **ओरियंटल स्पा** नामक एक मसाज पार्लर (स्पा) है। इस मसाज पार्लर का मालिक कृष्णा पंडित नामक व्यक्ति है। जिसके थाने शहर में पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत आने वाले कई पुलिस थानों के हद में इसी तरह मसाज सेंटर के आड़ में दुसरे राज्यों से मजबूर व लाचार लडकियों को लाकर अपने स्पा में उन लडकियों से देह व्यापार का धंधा चला रहा है।

इस विषय में दिनांक १३/०२/२०२४ के रोज एक अज्ञात व्यक्ति ने **ओरियंटल स्पा** के अंदर होने वाली अश्लील गतिविधिओ की पुरे एक घंटे की वीडियो रिकॉर्डिंग की। दिनांक १६/०२/२०२४ के रोज रबोड़ी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को एक लिखित शिकायत पत्र के माध्यम से **ओरियंटल स्पा** के अंदर होने वाली अश्लील गतिविधिओ की पूरी जानकारी दी गई। दिनांक ०१/०४/२०२४ के रोज रबोड़ी पुलिस थाने की ओर से हमे एक लिखित पत्र द्वारा हमे यह उत्तर दिया गया की हम कई बार गवाहों और पंचो के साथ **ओरियंटल स्पा**




में गये लेकिन हमे कोई ऐसा कोई गैर कानूनी कार्य नही दिखाई दिया जिससे हम कोई कानूनी कारवाई कर सके। इस लिये हम आपकी इस अर्जी को बंद करते है।

गौरतलब बात यह है की हमारे द्वारा लिखित शिकायत पत्र के साथ पुरे एक घंटे की वीडियो रिकॉर्डिंग की मेमरी कार्ड दिये जाने के बाद भी रबोड़ी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को वीडियो रिकॉर्डिंग सही नही लगी ऐसा लगता है की वीडियो रिकॉर्डिंग करने वाले व्यक्ति ने अपने ही मकान में वीडियो रिकॉर्डिंग कर के रबोड़ी पुलिस को गुमराह किया



**कृष्णा पंडित**
**मसाज पार्लर का मालिक**

किया है? या फिर रबोड़ी पुलिस ने शायद वह वीडियो नही देखी होगी? या फिर देखने के बाद भी अनजान बनकर **ओरियंटल स्पा** को बचाने की पूरी योजना बना ली हो?

हम अपने समाचार पत्र के माध्यम से थाने पुलिस आयुक्त श्री आशुतोष डुम्बारे, सह पुलिस आयुक्त डॉ ज्ञानेश्वर चव्हाण, अप्पर पुलिस आयुक्त गुन्हे शाखा डॉ. पंजाबराव उगले, पुलिस उपायुक्त गुन्हे विभाग श्री शिवराज पाटिल, पुलिस उपायुक्त परिमंडल क्र १ के श्री एस.एस..बुरसे से यह पूछना चाहते है, हमने अपने लिखित शिकायत पत्र में जो वीडियो रिकोर्डिंग की एक मेमरी कार्ड जानकारी के लिये जोड़ कर दी थी। क्या रबोड़ी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक और सहायक पुलिस निरिक्षक योगेश काकड़ ने उस वीडियो के रिकॉर्डिंग देखा या नही? देखने के बाद भी उन्हें यदि किसी बात पर कोई संदेह था तो हमे बुलाकर जानकारी लेनी चाहिये थी। बिना छानबीन के इस तरह पत्र भेज कर शिकायत को बंद करना यह दशार्ता है कि पुलिस ने पूरी तरह से **ओरियंटल स्पा** के मालिक कृष्णा पंडित को देह व्यापार के धंधे में कितना सहयोग कर रही है?

# धारावी पुनर्विकास को मंजूरी, रेलवे के स्वामित्व वाली भूमि के हस्तांतरण में बाधा आखिरकार दूर

**मुंबई :** धारावी पुनर्विकास परियोजना में रेलवे के स्वामित्व वाली भूमि के हस्तांतरण में बाधा आखिरकार दूर हो गई है। रेलवे के स्वामित्व वाली 45 एकड़ भूमि को धारावी पुनर्विकास में शामिल किया गया है और इस स्थल पर पात्र निवासियों के लिए घर बनाकर धारावी पुनर्विकास शुरू किया जाएगा। रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) ने आखिरकार 45 एकड़ में से 25.57 एकड़ जमीन धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) को हस्तांतरित कर दी है। इसलिए धारावी पुनर्विकास का रास्ता अब साफ हो गया है।

धारावी के पुनर्विकास का ठेका अडानी समूह को दिया गया है और धारावी पुनर्विकास परियोजना प्राइवेट लिमिटेड (डीआरपीपीएल) के माध्यम से धारावी में सर्वेक्षण शुरू



किया गया है। निवासियों की पात्रता निर्धारित करने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। डीआरपीपीएल की योजना अनुबंध को अंतिम रूप दिए जाने के बाद यथाशीघ्र वास्तविक पुनर्वासित भवनों का निर्माण शुरू करने की है। लेकिन इसके लिए रेलवे की 45 एकड़ जमीन को डीआरपी के अधीन आना पड़ा. इस स्थल पर पुनर्वासित इमारतों के निर्माण के साथ धारावी पुनर्विकास परियोजना शुरू की जाएगी। पिछले कई महीनों से डीआरपी इस जगह पर कब्जा पाने के लिए रेलवे से संपर्क कर रही थी। यह प्रयास अंततः सफल हुआ और रेलवे ने 13 मार्च को 45 एकड़ में से 25.57 एकड़ जमीन डीआरपी को हस्तांतरित कर दी। डीआरपी के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस रिपोर्ट की पुष्टि की है.

17 साल में रेलवे को 2800 करोड़ रु

यह 45 एकड़ स्थल धारावी पुनर्विकास की मूल योजना में शामिल नहीं था। राज्य सरकार ने निविदा प्रक्रिया रद्द कर दी और साइट को धारावी पुनर्विकास में शामिल कर लिया और एक नई निविदा जारी की। डीआरपी ने इस साइट के लिए रेलवे को 1,000 करोड़ रुपये दिए हैं और भविष्य में धारावी पुनर्विकास से प्राप्त राजस्व से 17 वर्षों में चरणबद्ध तरीके से 2,800 करोड़ रुपये रेलवे को दिए जाएंगे। डीआरपी के अधिकारियों ने कहा कि अब जब 25.57 एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया गया है, तो पुनर्वास भवनों का निर्माण शुरू करने की योजना बनाई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि बाकी जमीन को भी जल्द कब्जा दिलाने के लिए फॉलोअप किया जाएगा।

# महाराष्ट्र नवनिर्माण कामगार सेना के उपाध्यक्ष पर चाकू से हमला

**मुंबई :** महाराष्ट्र नवनिर्माण कामगार सेना के उपाध्यक्ष राज परते पर चांदीवली इलाके में चाकू और चाकू से हमला किया गया. इस संबंध में साकीनाका पुलिस स्टेशन में गजानन राणे और प्रतीक राणे सहित मनसे कामगार सेना के 15 से 20 कार्यकताओं के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में कहा गया है कि पार्टे पर तब हमला किया गया जब वे सभी श्रमिकों के बीच विवाद को सुलझाने के लिए एक साथ आए थे। साकीनाका पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है. शिकायतकर्ता राज परते घाटकोपर पश्चिम का निवासी है और मनसे की श्रमिक सेना का उपाध्यक्ष है। उन्हें इलाज के लिए घाटकोप के राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया था. इस मामले में गजानन राणे, प्रतीक राणे, अन्ना लोखंडे, चेतन मेमन, आकाश जाधव और 15 से 20 कार्यकताओं के खिलाफ हत्या के



प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। दोनों आरोपी गजानन राणे और प्रतीक राणे मनसे कामगार सेना के पदाधिकारी हैं। गजानन राणे ने बताया था कि वे पार्टी कार्यकर्ता विजय निकम से विवाद पर चर्चा करने के लिए मिलने आ रहे थे. इसके मुताबिक, सभी चांदीवली के अंसा इंडस्ट्रीज के गेट नंबर 1 पर मिले। तभी आरोपी शिकायतकर्ता पक्ष से बहस करने लगा। इस मौके पर शिकायतकर्ता पर चाकू, छुरी और लोहे की सरियों से हमला किया गया. कारें क्षतिग्रस्त हो गईं. उपायुक्त (सर्किल-10) मंगेश शिंदे ने कहा कि इस मामले में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच चल रही है.

यह समाचार पत्र मासिक महाराष्ट्र क्राईम्स मालिक, मुद्रक प्रकाशक सिराज चौधरी द्वारा राजीव प्रिंटर्स, ४९६, पंचशील नगर१, नागसेन बुद्ध मंदिर रोड नं३, तिलक नगर, चेम्बुर, मुंबई४०००८९ से मुद्रित करवा कर ८/ऐ/१६९/२७०२/टागोर नगर, विक्रोली (पू), मुंबई४०००८३ से प्रकाशित किया । RNI NO. : MAHHIN/1998/02261
संपादक सिराज चौधरी मो. ७७७७०६०६८७ www.maharashtracrimes.in / www.maharashtracrimes.blogspot.in Email : editor@maharashtracrimes.in / maharashtracrimes@gmail.com